# QUESTION BOOKLET

This question paper contains **170** questions. / इस प्रश्न पत्र में **170** प्रश्न हैं ।

**All** questions are compulsory. / सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

One question carries **half** mark only. / एक प्रश्न के लिए केवल आधा अंक है ।

Maximum Marks : **85** — अधिकतम अंक : **85**

Time : **2** Hours — समय : **2** घण्टे

1. Haversian canals are found in
   (A) Bones (B) Brain (C) Kidneys (D) Lungs
   हैवर्सियन नलिकाएँ पाई जाती हैं :
   (A) हड्डियों में (B) मस्तिष्क में (C) वृक्क में (D) फेफड़ों में

2. Heat regulating Centre is located at –
   (A) Thalamus (B) Hypothalamus
   (C) Medulla oblongata (D) Cerebrum
   ऊष्मा नियमन केन्द्र अवस्थित है :
   (A) थैलेमस (B) हाइपोथैलेमस
   (C) मेडुला ऑब्लांगेटा (D) सेरेब्रम (प्रमस्तिष्क)

3. Mitral cells are present in
   (A) Kidney (B) Mitral valve
   (C) Olfactory tract (D) Optic nerve
   मिट्रल कोशिकाएँ पाई जाती हैं :
   (A) वृक्क में (B) मिट्रल वाल्व में (C) घ्राणपथ में (D) दृक् तंत्रिका में

4. Sensitive pigmented layer of eye is –
   (A) Cornea (B) Retina (C) Sclerotic (D) Iris
   नेत्र का संवेदी वर्णकता स्तर है :
   (A) स्वच्छमंडल (B) दृष्टि पटल
   (C) श्वेतपटल (D) परितारिका (पुतली)

5. The Nissl's granules of nerve cells are made up of –
   (A) DNA (B) RNA (C) Ribosomes (D) Protein
   तंत्रिका कोशिकाओं की निस्सल्स कणिकाएँ बनी होती हैं :
   (A) DNA (B) RNA (C) राइबोजोम्स (D) प्रोटीन

6. The type of joint between sacrum and coccyx is a –
(A) Symphysis (B) Synostosis
(C) Synchondrosis (D) Syndesmosis
सेक्रम तथा कोसिक्स के मध्य किस प्रकार का ज्वाईंट होता है ?
(A) सिम्फाइसिस (B) साइनोस्टोसिस (C) सिंकोन्ड्रोसिस (D) सिंडेस्मोसिस

7. The main solute component of urine is –
(A) Urea (B) Glucose (C) Agglutin (D) Urobilinogen
मूत्र का मुख्य विलेय घटक है :
(A) यूरिया (B) ग्लूकोज (C) एग्लूटिन (D) यूरोबिलिनोजन

8. The site of oogenesis is
(A) Ovary (B) Ovum (C) Oocyte (D) Oviduct
अंडजनन घटित होता है :
(A) अंडाशय में (B) अंडाणु में (C) अंडक में (D) डिंबवाहिनी में

9. Bone is the example of –
(A) Connective tissues (B) Epithelial tissues
(C) Nervous tissues (D) Muscle tissues
हड्डियाँ किसका उदाहरण है ?
(A) संयोजी ऊतक का (B) उपकला ऊतक का
(C) तंत्रिकीय ऊतक का (D) मांसपेशी का

10. Afferent nerve fibres carry impulses from –
(A) Effector organs to CNS (B) Receptors to CNS
(C) CNS to receptors (D) CNS to muscles
अभिवाही तंत्रिका तंतु आवेग का वहन करता है :
(A) संवेदनग्राही अंगों से CNS तक (B) अभिग्राहक से CNS तक
(C) CNS से अभिग्राहक तक (D) CNS से स्नायु तक

11. Length of male urethra is approximately –
नर मूत्रमार्ग की लंबाई लगभग है :
(A) 18-20 cm (B) 10-12 cm (C) 30-40 cm (D) 2-4 cm

12. Which bacteria is normally present in vagina ?
(A) *Streptococci* (B) *Hemophilius influenzae*
(C) *Lactobacillus acidophilus* (D) *Corynebacterium Sp.*
योनि में सामान्यतः कौन सा बैक्टिरिया (जीवाणु) पाया जाता है ?
(A) स्ट्रेप्टोकोकाई (B) हिमोफाइलिएस इन्फ्लूऐंजा
(C) लैक्टोबैसिलस एसिडोफाइलस (D) कोराइनेबैक्टिरियम स्पी.

13. Blood groups were first discovered by –
(A) Robert Koch
(B) Karl Landsteiner
(C) Paul Ehrlich
(D) Anton Von Leuwenhock

रक्त समूह प्रथम खोजे गए थे
(A) रोबर्ट कॉच द्वारा
(B) कार्ल लेण्डस्टेइनर द्वारा
(C) पॉल ईहर्लिच द्वारा
(D) एंटोन वॉन ल्यूवेनहॉक द्वारा

14. Which of the following arteries primarily feeds the anterior wall of the heart ?
(A) Circumflex artery
(B) Internal mammary artery
(C) Left anterior descending artery
(D) Right coronary artery

निम्नलिखित में से कौन सी धमनी प्राथमिक रूप से हृदय की अग्रवर्ती भित्ती को पोषित करती है ?
(A) परिवेष्टक धमनी
(B) आंतरिक स्तन धमनी
(C) बायीं अग्रवर्ती अवरोही धमनी
(D) दायीं हृद धमनी

15. The term respiration refers to –
(A) Ventilation
(B) Gas exchange within lungs
(C) Oxygen utilization within cells
(D) All of these

पद श्वसन संदर्भित है :
(A) संवातन से
(B) फेफड़ों के भीतर गैसों के विनिमय से
(C) कोशिकाओं के भीतर ऑक्सीजन के उपयोग से
(D) यह सभी

16. Which of the statement by the client to the nurse indicates a risk factor for coronary artery disease ?
(A) I exercise every other day
(B) My father died of Myasthenia Gravis
(C) My cholesterol is 180
(D) I smoke 1½ packs of cigarettes per day

मरीज द्वारा नर्स को दिया गया कौन सा कथन यह इंगित करता है कि उसे हृद धमनी बीमारी का जोखिम है ?
(A) मैं प्रत्येक दूसरे दिन कसरत करता हूँ ।
(B) मेरे पिता की मृत्यु माइस्थएनिया ग्रेविस से हुई थी ।
(C) मेरा कोलेस्टेरॉल 180 है ।
(D) मैं प्रति दिवस 1½ पैकेट्स सिगरेट के पीता हूँ ।

17. Which complication of cardiac catheterization should the nurse monitor for in the initial 24 hrs after the procedure ?
(A) Angina at risk
(B) Thrombus formation
(C) Dizziness
(D) Falling blood pressure
प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रारंभिक 24 घंटे के लिए नर्स को हृदयी नाल-शलाका प्रवेशन की किस जटिलता को मॉनिटर करना चाहिए ?
(A) गलप्रदाह जोखिम
(B) थ्राम्बस (थक्का) निर्माण
(C) चक्कर (घुमरी)
(D) गिरता रक्त चाप

18. The nurse is performing a neurological assessment on a client posterior right Cerebro vascular accident. Which finding, if observed by the nurse, would warrant immediate attention ?
(A) Decrease in level of consciousness
(B) Loss of bladder control
(C) Altered sensation to stimuli
(D) Emotional lability
नर्स एक मरीज़ के पश्च दायीं सेरेब्रो-वास्कुलर एक्सीडेंट पर न्यूरोलॉजीकल एसेसमेंट कर रही है । कौन सा निष्कर्ष यदि नर्स द्वारा अवलोकित होता है, त्वरित उचित ध्यान माँगेगा ?
(A) चेतना के स्तर में गिरावट
(B) आशय नियंत्रण में हानि
(C) उत्तेजना के प्रति परिवर्तन संवेदना
(D) आवेशीत अस्थिरता

19. Which drug is used in the treatment of hyperthyroidism ?
(A) Levothryroxine sodium
(B) Thyroglobulin
(C) Lugaol's solution (strong iodine solution)
(D) Calcitonin-Human
अवटु अतिक्रियता के लिए किस ड्रग का उपयोग किया जाता है ?
(A) लीवोथाइरोक्सीन सोडियम
(B) थायरोग्लोब्यूलिन
(C) ल्यूगोल घोल (तीव्र आयोडिन घोल)
(D) कैल्सिटोनिन – ह्यूमन

20. A nurse enters a client's room to discover that the client has no pulse and respirations. After calling for help, the first action the nurse should take is –
(A) Start a peripheral IV
(B) Initiate closed chest massage
(C) Establish an airway
(D) Obtain the crash cart
एक नर्स एक मरीज़ के कक्ष में यह ज्ञात करने के लिए प्रवेश करती है कि मरीज़ में स्पंद तथा श्वसन क्रिया नहीं है । सहायता के लिए आवाज लगाने के बाद, नर्स की प्रथम प्रतिक्रिया होनी चाहिए :
(A) परिधीय IV चालू करना ।
(B) स्पर्शीय वक्ष मसाज प्रारंभ करना ।
(C) वायुमार्ग स्थापित करना
(D) आपातकाल कार्ट प्राप्त करना

21. Kussmaul's breathing is associated with –
(A) Pneumonia (B) Diabetic Ketoacidosis
(C) Cardiac arrest (D) Pulmonary embolism
कुशमौल श्वसन क्रिया सम्बद्ध है :
(A) न्युमोनिया से (B) डायबिटिक किटोएसिडोसिस से
(C) पूर्णहृद्‌रोध (D) फुप्फुसधमनी अन्त:शल्यता

22. Pheochromocytoma is associated with –
(A) Adrenal gland (B) Pituitary gland
(C) Pancreas (D) Thyroid gland
फेओक्रोमोसाइटोमा सम्बद्ध है :
(A) अधिवृक्क ग्रंथि (B) पीयूष ग्रंथि (C) अग्न्याशय (D) अवटु ग्रंथि

23. Webster test is done to diagnose –
(A) Eye problem (B) Hearing loss
(C) Respiratory problem (D) Cardiac problem
वेबस्टर परीक्षण किसके निदान के लिए की जाती है ?
(A) नेत्र की समस्या (B) श्रवण हानि (C) श्वसन की समस्या (D) हृदय की समस्या

24. Nurse patient ratio in ICU should be (for 24 hrs)
ICU में नर्स मरीज़ का अनुपात (24 घंटों के लिए) होना चाहिए :
(A) 1 : 3 (B) 1 : 1 (C) 2 : 1 (D) 1 : 2

25. Complication of myocardial infarction includes
(A) CHF (B) Arrhythmias
(C) Cardiogenic shock (D) All of these
हृदरोधगलन जटिलता में सम्मिलित है :
(A) CHF (B) अतालता (C) हृदयजनित घात (D) यह सभी

26. Fracture within the last inch of the distal radius is known as
(A) Colle's fracture (B) Pott's fracture
(C) Edward's fracture (D) None of these
दूरस्थ बहि:प्रकोष्ठिका के आखरी भाग में हुआ अस्थिभंग कहलाता है :
(A) कोली अस्थिभंग (B) पोट अस्थिभंग (C) एडवर्ड अस्थिभंग (D) इनमें से कोई नहीं

27. Which of the following alimentary canal is the most common location for Chron's disease ?

(A) Descending colon (B) Jejunum

(C) Sigmoid colon (D) Terminal ileum

आहार नाल का कौन सा हिस्सा क्रोन बीमारी के लिए सर्वसामान्य स्थान है ?

(A) अवरोही बृहदांत्र (B) मध्यान्त्र (C) अवग्राही बृहदांत्र (D) सीमावर्ती शेषांत्र

28. Preparation of the client for occult blood examination is

(A) Fluid intake limited only to 1 litre/day

(B) NPO for 12 hrs prior to obtaining of specimen

(C) Increase fluid intake

(D) Meat less diet for 48 hrs prior to obtaining of specimen

मरीज़ के गुप्त रक्त परीक्षण के लिए तैयारी है :

(A) तरल ग्रहण को एक लिटर प्रति दिवस तक सीमित करना ।

(B) नमूना लेने से पूर्व 12 घंटों के लिए NPO ।

(C) तरल ग्रहण बढ़ाना ।

(D) नमूना लेने से पूर्व 48 घंटों के लिए मांस रहित भोजन ।

29. The nurse preparing to assist the physician to examine the client's skin with a wood's light would do which of the following ?

(A) Obtain an informed consent

(B) Tell the client that the procedure is painless

(C) Shave the skin site

(D) Prepare a local anesthetic

एक नर्स फिजीशीयन को सहयोग की तैयारी करते हुए किसी मरीज़ की त्वचा का वुड लाइट के साथ परीक्षण करने के लिए निम्न में से क्या करेगी ?

(A) एक सूचित सहमति प्राप्त करेगी ।

(B) मरीज़ को बतलाएगी की प्रक्रिया पीड़ा रहित है ।

(C) साइट वाली त्वचा की शेव करेगी

(D) एक स्थानीय ऐनेस्थेसीया तैयार करेगी ।

30. If breath sounds are only heard on the right side after intubation –

(A) Extubate, ventilate for 30 seconds then try again

(B) The patient probably only has one lung, the right

(C) You have intubated the stomach

(D) Pull the tube back and listen again

नलिका-प्रवेशन के पश्चात् यदि श्वसन की ध्वनि केवल दायीं बाजू ही सूनाई दे :

(A) नलिका निकाल दे, 30 सेकण्ड के लिए संवातन दे और फिर प्रयास करें ।

(B) मरीज़ में केवल दायाँ फेफड़ा होने की संभावना है ।

(C) आपने जठर में नलिका-प्रवेश कर दी है ।

(D) नलिका को वापस खींचे तथा फिर से सूने ।

31. Diazepam is prescribed for a client with anxiety. The nurse instructs the client to expect which side effect ?
(A) Incoordination (B) Cough
(C) Tinnitus (D) Hypertension
डायाजेपाम एक उद्वेगी मरीज़ को निर्देशित की गई है । नर्स किस कुप्रभाव के लिए आगाह करेगी ?
(A) असमंजन (B) खाँसी (C) कर्णक्ष्वेड (D) उच्च रक्तचाप

32. Spinal anesthesia is given at –
मेरुदंडीय संवेदनाहरण कहाँ पर दिया जाता है ?
(A) L2-L4 (B) L3-L4 (C) L5-L6 (D) L1-L2

33. What is odynophagia ?
(A) Difficulty in swallowing (B) Pain during swallowing
(C) Unable to swallow (D) Regurgitation
'ओडायनोफैजिया' क्या है ?
(A) निगलने में तकलीफ (B) निगलते समय दर्द
(C) निगलने में अक्षम (D) ऊर्ध्वनिक्षेप

34. Which hereditary disease is most closely linked to aneurysm ?
(A) Cystic fibrosis (B) Lupus erythematosus
(C) Marfan's syndrome (D) Myocardial infarction
कौन सी वंशानुगत बीमारी धमनी विस्फार से ज्यादा नजदीक से जुड़ी हुई है ?
(A) पुटीय तंतुमयता (B) ल्यूपस एरीथेमेटोसस
(C) मारफन विकार (D) हृदरोधगलन

35. Sympathetic nervous system induces
(A) Secretion of digestive juices (B) Increases heart rate
(C) Secretion of saliva (D) All of these
संवेदी तंत्रिका प्रणाली प्रेरित करती है
(A) पाचक रस का स्राव (B) हृदय की दर बढ़ाना
(C) लार का स्राव (D) यह सभी

36. ECG changes in myocardial infarction is
(A) ST Segment elevation (B) Wide QRS complex
(C) Presence of U-wave (D) Prolonged PR-interval
हृदरोधगलन में ECG परिवर्तन होता है
(A) ST खण्ड उन्नयन (B) बृहत् QRS संकुल
(C) U-तरंग की उपस्थिति (D) अतिलंब PR-अंतराल

37. Classic symptoms of deep vein thrombosis includes all the following except –
(A) Muscle pain (B) Homan's sign (C) Swelling (D) Redness
गहरी शिरा थ्रोम्बोसिस के यह सभी पारंपरिक लक्षण हैं, सिवाय
(A) स्नायु में दर्द (B) होमन संकेत (C) सूजन (D) लालपन

38. How a nurse will teach breathing exercise for patient with chronic bronchitis ?
(A) Use chest breathing (B) Use diaphragmatic breathing
(C) Use open mouth breathing (D) Use deep inhalation breathing
क्रोनिक ब्रोन्काईटिस वाले रोगी को नर्स साँस लेने की कसरत कैसे सिखाएगी ?
(A) चेस्ट श्वसन का उपयोग करें । (B) मध्यपटीय श्वसन का उपयोग करें ।
(C) खूले मूँह से श्वसन करें । (D) गहरी साँस लेकर अन्तः श्वसन करें ।

39. A nurse is taking care of a patient with DVT and she must be aware that venous emboli will be lodged in –
(A) Heart (B) Lungs (C) Liver (D) Kidney
एक नर्स DVT वाले रोगी की देखभाल कर रही है । उसे इस बात से अवगत होना चाहिए की शिरापरक अंतःशल्य लगी होनी चाहिए :
(A) हृदय में (B) फेफड़ों में (C) यकृत में (D) वृक्क में

40. Conjunctival xerosis occurs due to the deficiency of –
(A) Vitamin - A (B) Vitamin - C (C) Vitamin - B (D) Vitamin - D
नेत्रश्लेष्मल शुष्कता किसकी कमी के कारण होती है ?
(A) विटामिन - A (B) विटामिन - C (C) विटामिन - B (D) विटामिन - D

41. A patient with gout should follow what type of diet ?
(A) High calcium diet (B) Low purine diet
(C) Potassium modified diet (D) Renal diet
गठिया वाले रोगी को किस प्रकार की खुराक/भोजन लेना चाहिए ?
(A) उच्च कैल्शियम खुराक (B) निम्न प्यूरिन खुराक
(C) पोटैशियम रूपांतरित खुराक (D) गुर्दे सम्बन्धित खुराक

42. A patient is suffering from a broken jaw. Which foods would be most beneficial for this patient ?
(A) Carrots, fried chicken and cereals (B) Rice, watermelon and smoked fish
(C) Tacos, peanuts and fresh broccoli (D) Soup, pudding and ice cream
एक रोगी टूटे हुए जड़बे से व्यथित है । इस रोगी के लिए किस प्रकार का भोजन सर्वाधिक फायदेमंद होगा ?
(A) गाजर, भुनी मुर्गी तथा अनाज (B) चावल, तरबूज तथा धूमित मछली
(C) टैकोज, चीनिया बादाम तथा ताजी ब्रोकोली (D) सूप, पूडिंग तथा आइस-क्रीम

43. Prevention of Food Adulteration Act was amended in –
(A) 1964 (B) 1976 (C) 1986 (D) All of these
खाद्य मिलावट रोकथाम अधिनियम में संशोधन हुआ वर्ष
(A) 1964 में (B) 1976 में (C) 1986 में (D) यह सभी

44. Good source of vitamin-D includes all except –
(A) Blue Berries
(B) Sunlight
(C) Salmon
(D) Fortified milk and other dairy products
यह सभी विटामिन-D के अच्छे स्रोत है सिवाय
(A) ब्लू बेरीज़ (B) सूर्य प्रकाश
(C) सालमन (D) सुदृढ़ दुग्ध तथा अन्य डेरी उत्पाद

45. The word personality is derived from Greek word "Persona" which means –
(A) Drama (B) Mask (C) Cloth (D) Face
शब्द 'पर्सनालिटी' ग्रीक शब्द 'परसोना' से व्युत्पन्न हुआ है, जिसका मतलब है :
(A) ड्रामा (नाटक) (B) मास्क (मुखौटा) (C) क्लोथ (वस्त्र) (D) फेस (चेहरा)

46. In which defense mechanism an emotional conflict is expressed by a physical illness or physical symptom without any organic cause ?
(A) Sublimation (B) Conversion
(C) Compensation (D) Suppression
बिना किसी जैविक कारण के एक दैहिक बीमारी अथवा दैहिक लक्षण द्वारा किस संरक्षण प्रणाली में एक आवेगात्मक संघर्ष द्वारा दर्शाया जाएगा ?
(A) ऊर्ध्वपातन (B) रूपांतरण (C) क्षतिपूर्ति (D) दमन

47. Nurse patient relationship is –
(A) Human to human relation (B) Superior subordinate relation
(C) Subordinate superior relation (D) Employer employee relation
नर्स–मरीज़ का संबंध होता है :
(A) मानव से मानव संबंध (B) वरिष्ठ–कनिष्ठ संबंध
(C) कनिष्ठ–वरिष्ठ संबंध (D) नियोक्ता–कर्मचारी संबंध

48. Which of the following is not the type of the wound ?
(A) Contusion (B) Ulcer (C) Laceration (D) Puncture
निम्न में से कौन सा घाव का प्रकार नहीं है ?
(A) कुचलन (B) फोड़ा (C) विदार (D) वेधन

49. Immediate treatment of ingestion of poisonous subject is

(A) Induce vomiting (B) Forced diuresis

(C) Gastric lavage (D) Seek information to identify drug

विषाक्त पदार्थ के अन्तर्गहण का त्वरित उपचार है :

(A) उल्टी करना (B) बलात मूत्रलता

(C) जठरीय प्रक्षालन (D) दवाई की पहचान के लिए जानकारी ढूंढ़ना

50. The minimal score possible on the Glasgow coma scale is –

ग्लासगो कोमा स्केल पर संभव न्यूनतम स्कोर है :

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 5

51. Concentration of $KMnO_4$ solution used for oral hygiene is –

ओरल हाइजीन के लिए प्रयुक्त $KMnO_4$ घोल का सांद्रण है :

(A) 1 : 1000 (B) 1 : 5000 (C) 1 : 100 (D) 1 : 10000

52. What is mandatory before glucose tolerance test ?

(A) NBM 8-10 hrs prior to test

(B) Rich carbohydrate diet from 2-3 days before test

(C) Stop the giving medication

(D) No need to change anything

ग्लूकोज सहिष्णुता परीक्षण से पहले क्या आवश्यक है ?

(A) परीक्षण के 8-10 घण्टे पूर्व NBM

(B) परीक्षण से पहले 2-3 दिन तक कार्बोहाइड्रेट प्रचुर भोजन

(C) दवाइयाँ देना बंद करें ।

(D) कोई परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है ।

53. Knee-chest position is also known as

(A) Fowlers position (B) Lithotomy position

(C) Genupectorial position (D) Left lateral position

घुटने–छाती की स्थिति यह भी कहलाती है :

(A) फोवलर स्थिति (B) लिथोटॉमी स्थिति

(C) गेनुपेक्टोरियल स्थिति (D) बायाँ–पार्श्व स्थिति

54. Method of administering a drug by topical friction over skin is called

(A) Instillation (B) Inunction (C) Insertion (D) Insufflation

त्वचा के ऊपर सतही घर्षण द्वारा एक दवाई देने की विधि है ।

(A) इंस्टिलेशन (B) इनंक्शन (C) इनसर्शन (D) इनसफ्लेशन

55. Infusion of 1000 ml of NS over 12 hrs require how many drops per minute when the drop factor is 15 drops/mint ?
(A) 15 drops/mint (B) 17 drops/mint (C) 21 drops/mint (D) 23 drops/mint
12 घण्टे में NS का 1000 ml का आधान करने के लिए कितने ड्रॉप प्रति मिनट होंगे यदि ड्रॉप फेक्टर 15 ड्रॉप/मि. हो ?
(A) 15 ड्रॉप/मि. (B) 17 ड्रॉप/मि. (C) 21 ड्रॉप/मि. (D) 23 ड्रॉप/मि.

56. In autoclave temperature should be –
ऑटो–क्लेव में तापमान कितना होना चाहिए ?
(A) 63 °C (B) 121 °C (C) 115 °C (D) 141 °C

57. In adults most common site for taking pulse is –
(A) Radial vein (B) Radial artery
(C) Brachial artery (D) Ulnar artery
वयस्कों में पल्स लेने की सर्व–सामान्य साइट है :
(A) अरीय शिरा (B) अरीय धमनी
(C) प्रगण्डी धमनी (D) अन्तः प्रकोष्ठिक धमनी

58. Hey's test is the test for –
(A) Albumin (B) Bile salts (C) Acetone (D) Bile pigments
हे का परीक्षण किसके लिए है ?
(A) एल्ब्यूमिन (B) पित्त क्षार (C) एसिटोन (D) पित्त रंजक

59. Calculation of pediatrics doses of medication for children under the age of 1 year is done using which formula ?
(A) Oddi's rule (B) Fried's rule (C) Young's rule (D) Evan's formula
एक वर्ष की आयु से भीतर के बालक के लिए दवाई का पीडिएट्रिक्स डोज की गणना किस फार्मूला से की जाती है ?
(A) ऑडी नियम (B) फ्रायड नियम (C) यंग नियम (D) ईवान फार्मूला

60. 1 ounce is equal to
(A) 4 teaspoons (B) 6 teaspoons (C) 8 teaspoons (D) 10 teaspoons
1 औंस के बराबर है :
(A) 4 चम्मच (B) 6 चम्मच (C) 8 चम्मच (D) 10 चम्मच

61. Which of the following is considered as most important aspect of hand washing ?
(A) Soap (B) Water (C) Friction (D) Time
निम्न में से कौन सा हाथ धोने का अति–महत्त्वपूर्ण पहलू माना जाता है ?
(A) साबून (B) पानी (C) घर्षण (D) समय

62. The founder of modern nursing is –
(A) Dorthea Dix
(B) Florence Nightingale
(C) Clara Barton
(D) Marry Mahoney
मॉडर्न नर्सिंग के संस्थापक है :
(A) डोर्थिआ डिक्स (B) फ्लोरेंस नाइटिंगल (C) क्लारा बार्टन (D) मेरी महोनी

63. Maslow Hierarchy of need is useful to nurses who continually prioritize a clients nursing needs. The most basic or first level needs include
(A) Esteem and self-esteem
(B) Self-actualization
(C) Love and belonging
(D) Air, water and food
मास्लॉ की आवश्यकता अनुक्रम उन नर्सों के लिए उपयोगी है जो सतत रोगी की नर्सिंग आवश्यकताओं को अग्रता देती है । सर्वाधिक आधारभूत अथवा प्रथम स्तर आवश्यकता में समाहित है :
(A) सम्मान तथा स्वमान
(B) स्व-यथार्थ बनाना
(C) प्यार तथा सम्पत्ति
(D) हवा, पानी तथा भोजन

64. Lactated Ringer's solution is contraindicated in –
(A) Hypovolemia
(B) Burn
(C) Lactic acidosis
(D) Fluid lost as bile or diarrhea
लैक्टेटेड रिंगर घोल निषिद्ध है :
(A) हायपोवोलेमिआ
(B) जलन
(C) लैक्टिक एसिडोसिस
(D) पित्त अथवा अतिसार के रूप में तरल की हानि

65. The stool discharge from ostomy is called
(A) Effluent (B) Cathartics (C) Colonic fluid (D) Mucosa
ऑस्टॉमी से मल निष्कासन कहलाता है :
(A) बहीर्प्रवाह (B) विरेचक (C) बृहदांत्र प्रवाही (D) म्यूकोसा

66. Color coding for nitrous oxide cylinder is –
(A) Black
(B) Black with white shoulder
(C) French blue
(D) Grey
नाइट्रस ऑक्साइड सिलंडर के लिए कलर कोडिंग है :
(A) काला
(B) सफेद सोल्डर के साथ काला
(C) फ्रेंच ब्लू
(D) धूसर

67. Sharp instruments should not be sterilized by –
(A) Autoclaving (B) Boiling
(C) Hot air oven (D) Antiseptic solution
तीक्ष्ण उपकरणों को विसंक्रमित नहीं किया जाता है :
(A) ऑटोक्लेविंग द्वारा (B) उबाल कर
(C) हॉट एयर ऑवन द्वारा (D) एंटीसेप्टीक सोलुशन द्वारा

68. The most common injury among older person is –
(A) Atherosclerotic changes in the blood vessels
(B) Increase incidence of gall bladder disease
(C) Urinary tract infection
(D) Hip fracture
वृद्ध व्यक्तिओं में सर्वसमान्य क्षति है :
(A) रक्त वाहिनियों में एथिरोस्क्लेरोटिक परिवर्तन (B) पित्ताशय बीमारी की घटना में बढ़ोतरी
(C) मूत्र-मार्ग संक्रमण (D) नितंब फ्रेक्चर

69. Immunity means –
(A) Antibodies & antigen reactions
(B) Transfer of maternal antibodies across the placenta
(C) Level of resistance of a person to a particular disease
(D) Acquired immunity by immunization
प्रतिरक्षा से तात्पर्य है :
(A) एन्टीबॉडीज़ तथा एन्टीजन प्रतिक्रियाएँ
(B) अपरा के पार मातृक एन्टीबॉडीज का स्थानांतर
(C) किसी विशिष्ट बीमारी के प्रति एक व्यक्ति का प्रतिरोध स्तर
(D) प्रतिरक्षण द्वारा अर्जित प्रतिरक्षा

70. Which of the following is moist heat method of sterilization ?
(A) Autoclave (B) Hot air oven
(C) Pasteurization (D) None of these
निम्न में से कौन सी विसंक्रमण की आर्द्र ताप विधि है ?
(A) ऑटोक्लेव (B) हॉट एयर ऑवन (C) पाश्चुरीकरण (D) इनमें से कोई नहीं

71. The disadvantages of incinerator is that it generates –
(A) Highly toxic gases (B) UV rays
(C) Radioactive rays (D) X-rays
भस्मक का एक गैर-लाभ यह है कि वह उत्पन्न करता है :
(A) तीव्र विषाक्त गैसेज (B) पराबैंगनी किरणें
(C) रेडियोसक्रिय किरणें (D) क्ष-किरणें

72. Which antibody is responsible for allergic responses ?
एलर्जिक प्रतिभाव के लिए कौन सा एन्टीबॉडी उत्तरदायी है ?
(A) IgG (B) IgA (C) IgD (D) IgE

73. The causative agent of plague is
(A) Mosquitoes
(B) Yersinia Pestis
(C) Mycobacterium tuberculi
(D) Mycobacterium leprael
प्लैग का कारक एजेंट है :
(A) मच्छर
(B) यर्सिनिया पेस्टीस
(C) मायकोबैक्टीरियम ट्रयूबरक्यूलि
(D) मायकोबैक्टीरियम लेप्री

74. Red Cross Society was founded by
(A) Henry Ford (B) Henry Dunant (C) Henry Browen (D) Henry Clyde
रेड क्रॉस सोसायटी की स्थापना की थी
(A) हेनरी फार्ड (B) हेनरी ड्यूनेंट (C) हेनरी ब्रोवन (D) हेनरी क्लेइड

75. Which Committee is also known as Health Survey and Development Committee ?
(A) Bhore Committee
(B) Mudaliar Committee
(C) Shrivastva Committee
(D) Mukherjee Committee
कौन सी समिति 'स्वास्थ्य सर्वेक्षण तथा विकास समिति' से भी जानी जाती है ?
(A) भोरे समिति (B) मुदालियर समिति (C) श्रीवास्तव समिति (D) मुखर्जी समिति

76. Schilling test is used for detection of –
(A) Folic acid deficiency
(B) Cyanocobalamin deficiency
(C) Iron deficiency
(D) Iodine deficiency
किसकी पहचान के लिए स्किलिंग परीक्षण प्रयुक्त होता है ?
(A) फॉलिक एसिड की कमी
(B) साइनोकोबैलेमिन की कमी
(C) लौह की कमी
(D) आयोडिन की कमी

77. Temporary hardness of water is removed by
(A) Boiling
(B) Filtration
(C) SODIS method
(D) Addition of chlorine
जल की अस्थायी कठोरता दूर की जाती है :
(A) उबालकर
(B) निस्यंदन करके
(C) SODIS विधि द्वारा
(D) क्लोरिन मिलाकर

78. The National Family Welfare Programme in India was launched in –
भारत में राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम लोंच हुआ था ?
(A) 1962 (B) 1958 (C) 1965 (D) 1952

79. ASHA worker is posted in all given below places except –
(A) Community centres (B) Sub centres
(C) Field visits (D) Super specialty hospitals
ASHA कार्यकर को इन सभी जगह पर नियुक्त किया जाता है, सिवाय :
(A) सामुदायिक केन्द्र (B) उप-केन्द्र
(C) क्षेत्र मुलाकात (D) सुपर स्पैश्यालिटी होस्पिटल

80. NITI Aayog was established by Govt. of India on –
(A) 1st July, 2015 (B) 1st January, 2015
(C) 1st January, 2014 (D) 2nd October, 2015
भारत सरकार द्वारा NITI आयोग की स्थापना कब की गई थी ?
(A) 1 जुलाई, 2015 (B) 1 जनवरी, 2015 (C) 1 जनवरी, 2014 (D) 2 अक्टूबर, 2015

81. Imaginary perception is called –
(A) Delusions (B) Hallucinations
(C) Illusions (D) Magical thinking
काल्पनिक परिप्रेक्षय कहलाता है :
(A) विभ्रम (B) दृष्टिभ्रम (C) भ्रांति (D) जादूई विचार

82. Which therapy is used for treating phobia ?
(A) Aversion therapy (B) ECT (Electro Convulsive Therapy)
(C) Systematic desensitization (D) Hypnosis
भय का उपचार हेतु प्रयुक्त थेरपि है :
(A) अनिच्छा थेरपि (B) ECT (इलेक्ट्रो कोन्वलसिव थेरपि)
(C) प्रणालीगत विसुग्राहीकरण (D) सम्मोहन (हिप्नोसिस)

83. The Mental Health Act was passed in which year ?
मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ था ?
(A) 1955 (B) 1956 (C) 1987 (D) 1992

84. The duration of ECT is about
(A) 0.1 to 1 second (B) 0.1 to 1 minute
(C) 1 – 2 minute (D) 20 – 30 second
ECT की अवधि लगभग होती है :
(A) 0.1 से 1 सेकण्ड (B) 0.1 से 1 मिनट (C) 1-2 मिनट (D) 20-30 सेकण्ड

85. Stage of mania which is characterised by intense sense of happiness is
(A) Euphoria (B) Elation (C) Ecstasy (D) Exaltation
उन्माद अवस्था, जो कि लाक्षणिकता है खुशी की तीव्र अनुभूति से, है :
(A) सुखाभास (B) उल्लास (C) हर्षोन्माद (D) उन्नयन

86. The disease is characterised by 4 'A's of Bleuler is –
(A) MDP (B) OCD (C) Schizophrenia (D) Delirium
वह बीमारी जो ब्लूलर के 4 'A' द्वारा लाक्षणीकृत है :
(A) MDP (B) OCD (C) खंडित मनस्कता (D) सन्निपात

87. Immediately before expulsion of fetus, which of the following cardinal movement occur ?
(A) Descent (B) Flexion
(C) Extension (D) External rotation
भ्रूण के निष्कासन के तुरंत पहले निम्न में से कौन सी हृदय की चाल घटित होती है ?
(A) अवरोहण (B) आकुंचन (C) प्रसार (D) बाहरी घूर्णन

88. An important landmark of the pelvis that determines the distance of the descent of the head is known as –
(A) Linea Terminalis (B) Sacrum
(C) Ischial spines (D) Ischial tuberosities
श्रोणि का एक महत्त्वपूर्ण निशान (सीमाचिह्नों) जो शीर्ष के अवरोहण की दूरी ज्ञात करता है कहलाता है :
(A) लिनीया टर्मिनालिस (B) सैक्रम
(C) ईस्चीयल स्पाइन (D) ईस्चीयल ट्यूबेरोसाइटिस

89. Early amniocentesis is done in which period of pregnancy ?
(A) 12-14 weeks (B) 14-16 weeks (C) 16-18 weeks (D) 9-11 weeks
पूर्व उल्ववेधन, गर्भावस्था की किस अवधि में किया जाता है ?
(A) 12-14 सप्ताह (B) 14-16 सप्ताह (C) 16-18 सप्ताह (D) 9-11 सप्ताह

90. The placenta should be delivered in within how many minutes after the delivery of the baby ?
(A) 5 minutes (B) 30 minutes (C) 45 minutes (D) 60 minutes
बालक की डिलीवरी के पश्चात् कितने मिनट के भीतर अपरा डिलीवरी होनी चाहिए ?
(A) 5 मिनट (B) 30 मिनट (C) 45 मिनट (D) 60 मिनट

91. Which of the following fetal positions is most favourable for birth ?
(A) Vertex (B) Transverse lie
(C) Frank breech presentation (D) Posterior position of the head
जन्म के लिए निम्न में से कौन सी भ्रूर्ण की स्थिति सर्वाधिक अनुकूल है ?
(A) कपालशीर्ष (B) अनुप्रस्थ स्थिति
(C) फ्रैंक ब्रीच प्रस्तुतीकरण (D) शीर्ष की पश्च स्थिति

92. In fetal blood vessel, where is the oxygen content ?
(A) Umbilical artery (B) Ductus venosus
(C) Ductus arteriosus (D) Pulmonary artery
भ्रूणीय रक्त वाहिनी में ऑक्सीजन घटक कहाँ होता है ?
(A) नाभिपरक धमनी (B) डक्टस वेनोसेस
(C) डक्टस आर्टेरिओसस (D) फुप्फुसीय धमनी

93. Anterior fontanelle is ossified in –
(A) Soon after birth (B) At 6 week
(C) At 18 months (D) At 5 years
अग्रस्थ रन्ध्र अस्थि में परिणामित होती है :
(A) जन्म के तुरंत पश्चात् (B) 6 सप्ताह पर
(C) 18 महीने पर (D) 5 वर्ष पर

94. The freshly prepared ORS (Oral Rehydration Solution) should be used within –
(A) 12 hours (B) 24 hours (C) 36 hours (D) 48 hours
ताजे बनाए गए ORS को उपयोग में ले लेना चाहिए :
(A) 12 घण्टों के भीतर (B) 24 घण्टों के भीतर
(C) 36 घण्टों के भीतर (D) 48 घण्टों के भीतर

95. Which component lack in human blood ?
(A) Calcium (B) Vitamin D (C) IgA (D) Magnesium
कौन सा घटक मनुष्य के रक्त में नहीं होता है ?
(A) कैल्सियम (B) विटामिन-D (C) IgA (D) मैग्नेसियम

96. Severe muscle wasting, growth failure and loss of subcutaneous fat are features of which of the following ?
(A) Kwashiorkor (B) Beri-Beri (C) Scurvy (D) Marasmus
गंभीर पेशी क्षय, वृद्धि विफलता तथा अंतः त्वचीय वसा की हानि यह निम्न में से किस के लक्षण है ?
(A) क्वाशियोरकर (B) बेरी-बेरी (C) स्कर्वी (D) मरास्मस

97. Which is the antidote for streptokinase ?
(A) Protamine sulphate
(B) Amino caproic acid
(C) Naloxone
(D) Vitamin K
स्ट्रेप्टोकाइनेज का एन्टीडॉट कौन सा है ?
(A) प्रोटामाइन सल्फेट
(B) एमिनो केप्रोइक एसिड
(C) नेलोक्सोन
(D) विटामिन K

98. The first sign of 'Digoxin toxicity' is most likely to be
(A) Headache
(B) Dizziness
(C) Anorexia
(D) Nausea & Emesis
'डाइगोक्सीन टॉक्सीसिटी' का प्रथम अधिकांश संभाव्य लक्षण है
(A) सिरदर्द (B) चक्कर (C) क्षुधा-अभाव (D) मिचली तथा वमन

99. Which of the following is injected deep I.M. by 'Z' technique ?
(A) Zinc (B) Iron (C) Calcium (D) Vitamin-C
'Z' तकनीक द्वारा निम्न में से कौन सा गहरा इन्जेक्टेड I.M. है ?
(A) जिंक (B) आयरन (C) कैल्सियम (D) विटामिन-सी

100. Which of the following is a functionally active form of vitamin D ?
(A) Gholecalciferol
(B) Ergocalciferol
(C) Dehydrocholesterol
(D) Calcitriol
निम्न में से कौन सा विटामिन D का कार्यान्वित रूप से सक्रिय स्वरूप है ?
(A) गोलेकैल्सिफेरोल
(B) अर्गोकैल्सिफेरोल
(C) डीहाइड्रोकोलेस्टेरोल
(D) कैल्सिट्रिओल

101. The term bacteria was coined by
(A) Leeuwenhoek (B) Louis Pasteur (C) Robert Koch (D) Ehrenberg
पद 'बैक्टीरिया' के जनक थे
(A) ल्यूवेनहॉक (B) लूई पाश्चर (C) रॉबर्ट कॉच (D) एहरेनबर्ग

102. Component of cell wall of fungi is

(A) Cellulose (B) Pectin (C) Chitin (D) Dextrin

फफूंद की कोशिका भित्ती का घटक है

(A) सेलूलॉज (B) पेक्टिन (C) काइटिन (D) डेक्सट्रिन

103. Irregular nuclei are present in

(A) Neutrophils (B) Basophils (C) Eosinophils (D) Monocytes

अनियमित केन्द्रक उपस्थित होते हैं :

(A) न्यूट्रोफिल्स (B) बैसोफिल्स (C) इओसिनोफिल्स (D) मोनोसाइट्स

104. Collogen fibres are characteristics of which tissue ?

(A) Muscular (B) Epithelial (C) Connective (D) Nervous

कोलोजन तंतु किस ऊतक की लाक्षणिकता है ?

(A) पेशीय (B) उपकला (C) संयोजी (D) तंत्रिका

105. Plasmolysis will occur when the cell is placed in

(A) Hypotonic solution (B) Hypertonic solution

(C) Isotonic solution (D) None of these

जब कोशिका को _________ विलयन में रखने पर प्लाज्मोलाइसिस घटित होता है ।

(A) अल्पपरासरी (B) अतिपरासरी (C) समपरासरी (D) इनमें से कोई नहीं

106. Cell membrane is

(A) Semipermeable (B) Permeable

(C) Selectively permeable (D) Impermeable

कोशिका झिल्ली है :

(A) अर्द्धपारगम्य (B) पारगम्य (C) चयनित पारगम्य (D) अपारगम्य

107. Most common monomer of carbohydrates is

(A) Glucose (B) Fructose (C) Sucrose (D) Maltose

कार्बोहाइड्रेट्स का सर्वसामान्य एकलक है

(A) ग्लूकोज (B) फ्रक्टोज (C) सुक्रोज (D) माल्टोज

108. In meiosis, synapsis occurs during

(A) Interphase (B) Prophase (C) S-phase (D) Leptotene

अर्धसूत्रण में, सूत्रयुग्मन घटित होता है :

(A) अंतराप्रावस्था (B) पूर्वावस्था (C) S-अवस्था (D) लेप्टोटीन

109. Testosterone is secreted by

(A) Leydig cells
(B) Spermatogonia
(C) Spermatids
(D) All of these

टेस्टोस्टेरॉन का स्राव होता है :

(A) लेडिग कोशिकाओं द्वारा
(B) स्पर्मेटोगोनिया द्वारा
(C) प्राक्शुक्राणु द्वारा
(D) इन सभी के द्वारा

110. At the time of implantation, human embryo is called

(A) Embryo (B) Blastocyst (C) Zygote (D) Foetus

आरोपण के समय मनुष्य का भ्रूण कहलाता है :

(A) भ्रूण (B) ब्लास्टोसिस्ट (C) युग्मज (D) गर्भ

111. Ovulation occurs under the influence of

(A) Leutinising hormone
(B) Estrogen
(C) Follicle stimulating hormone
(D) Progesterone

किसके प्रभाव के भीतर डिम्बोत्सर्जन घटित होता है ?

(A) ल्यूटिनाइजिंग हार्मोन
(B) एस्ट्रोजन
(C) फॉलिकल स्टिम्यूलेटिंग हार्मोन
(D) प्रोजेस्टेरोन

112. Amniocentesis is the withdrawal of amniotic fluid in

(A) Menopause (B) Lactation (C) Gestation (D) Parturition

उल्ववेधन ________ में उल्व तरल का अपनयन है ।

(A) रजोनिवृत्ति (B) दुग्धपान (C) सगर्भता (D) प्रसव

113. Sickle cell anemia is

(A) Autosomal dominant inheritance
(B) X-linked recessive inheritance
(C) Autosomal recessive inheritance
(D) X-linked dominant inheritance

दात्र कोशिका अरक्तता है :

(A) दैहिक प्रभावी वंशानुगत
(B) X-संलग्नित प्रच्छन्न वंशानुगत
(C) दैहिक प्रच्छन्न वंशानुगत
(D) X-संलग्नित प्रभावी वंशानुगत

114. DNA nucleotides are attached by

(A) Hydrogen bond
(B) Covalent bond
(C) Vander Walls bond
(D) Electrovalent bond

DNA न्यूक्लिओटाइड्स जुड़े हुए होते हैं :

(A) हाइड्रोजन बंध
(B) सहसंयोजी बंध
(C) वानडर वॉल बंध
(D) विद्युत-संयोजी बंध

115. Interferons are
(A) Anti-bacterial proteins
(B) Anti-viral proteins
(C) Complex proteins
(D) Anti-clotting proteins
इन्टरफेरोन्स है
(A) एन्टी-बैक्टीरियल प्रोटीन
(B) एन्टी-वायरल प्रोटीन
(C) जटिल प्रोटीन
(D) एन्टी-क्लोटिंग प्रोटीन

116. Which is a respiratory disease ?
(A) Polio (B) Arthritis (C) Asthma (D) Cancer
कौन सी श्वसनीय बीमारी है ?
(A) पोलियो (B) आर्थराइटिस (C) अस्थमा (D) कैंसर

117. Hepatitis-B virus is
(A) Hepadna virus
(B) Variola virus
(C) Retro virus
(D) Picoma virus
हेपैटाइटिस-बी वाइरस है :
(A) हेपेडना वाइरस (B) वेरिओला वाइरस (C) रेट्रो वाइरस (D) पाइकोमा वाइरस

118. Streptomycin is produced by
(A) Streptomyces scoleus
(B) Streptomyces fradial
(C) Streptomyces venzueleae
(D) Streptomyces griseus
स्ट्रेप्टोमाइसिन प्राप्त की जाती है :
(A) स्ट्रेप्टोमाइसस स्कोलीयस
(B) स्ट्रेप्टोमाइसस फ्रेडीयल
(C) स्ट्रेप्टोमाइसस वेनजुएली
(D) स्ट्रेप्टोमाइसस ग्रिसेयस

119. Dermatoglyphics is connected with
(A) Skin diseases
(B) Skin care
(C) Cosmetics
(D) Finger printing
डर्मेटोग्लाइफिक्स जुड़ा हुआ है :
(A) त्वचा की बीमारी से
(B) त्वचा की देखभाल से
(C) कोस्मेटिक्स से
(D) अंगुली छपाई (फिंगर-प्रिन्टिंग) से

120. DNA element with ability to change its position is called
(A) Cistron (B) Transposon (C) Intron (D) Recon
DNA का वह तत्त्व जो अपना स्थान परिवर्तन करने को सामर्थ्य है :
(A) सिस्ट्रॉन (B) ट्रांसपोसोन (C) इन्ट्रॉन (D) रेकोन

121. The seals found at Indus valley sites are made of
(A) Silver (B) Bronze (C) Steatite (D) None of these
सिंधु घाटी स्थलों से प्राप्त मोहर बनी थी :
(A) चाँदी की (B) काँस्य की (C) स्टीएटाइट की (D) इनमें से कोई नहीं

122. The philosophy propounded in the Upanishads is known as
(A) Yoga (B) Vedanta (C) Advaita (D) Samkhya
उपनिषद् में प्रतिपादित दर्शन है :
(A) योग (B) वेदांत (C) अद्वैत (D) सांख्य

123. The important administrative functionaries in the Mauryan age were known as
(A) Tirthas (B) Amatyas (C) Mantrins (D) Yuktas
मौर्य युग में महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारी जाने जाते थे
(A) तीर्थ (B) आमात्य (C) मंत्री (D) युक्त

124. Who founded The Chola empire ?
(A) Vijayalaya (B) Rajendra-I (C) Raja Raj (D) Vijayendra
चोल साम्राज्य का संस्थापक कौन था ?
(A) विजयलय (B) राजेन्द्र-I (C) राजा राज (D) विजयेन्द्र

125. The only sultan who declared himself caliph was
(A) Alauddin Khilji (B) Mubarak Shah Khilji
(C) Khusran Shah (D) Muhammad bin Tughlaq
एक मात्र सुल्तान जिसने अपने आपको खलीफ् घोषित किया :
(A) अलाऊद्दीन खिलजी (B) मुबारक शाह खिलजी
(C) खुसरन शाह (D) मुहम्मद बिन तुगलक

126. The famous peacock throne originally belongs to
(A) Humayun (B) Shah Jahan (C) Akbar (D) Nadir Shah
सुप्रसिद्ध मयूरासन मूलभूत रूप से संबंधित है :
(A) हुमायूँ से (B) शाहजहाँ से (C) अकबर से (D) नादिर शाह से

127. Tipu Sultan was finally defeated at the hands of
(A) Lord Cornwallis (B) Lord Wellesley
(C) Lord Dalhousie (D) John Shore
टीपू सुल्तान आखिर में किस के हाथों पराजित हुए ?
(A) लॉर्ड कॉर्नवॉलिस (B) लॉर्ड वेलेजली (C) लॉर्ड डलहाउजी (D) जॉन शोर

128. The Prarthana Samaj was established by
(A) Jyotiba Phule (B) M.G. Ranade
(C) Atmaram Pandurang (D) Raja Rammohan Roy
प्राथना समाज की स्थापना की थी :
(A) ज्योतिबा फूले ने (B) एम.जी. रानाडे ने
(C) आत्माराम पांडुरंग (D) राजा राममोहन राय

129. Block mountains have originated as a result of
(A) folding (B) faulting
(C) volcanic eruptions (D) All of these
किसके परिणामस्वरूप 'ब्लॉक माउंटेन' का निर्माण हुआ ?
(A) वलन (B) भ्रंशन
(C) ज्वालामुखीय उद्गार (D) यह सभी

130. The horizontal movement of air is called
(A) wind (B) jet stream (C) air mass (D) pressure belt
हवा की क्षैतिज चाल कहलाती है :
(A) पवन (B) जेट प्रवाह (C) हवा भार (D) दाब पट्टा

131. The largest island in the Indian ocean is
(A) Sumatra (B) Maldives (C) Sri Lanka (D) Madagascar
हिंद महासागर में सबसे बड़ा द्वीप है :
(A) सुमात्रा (B) मालदीव (C) श्रीलंका (D) माडागास्कर

132. Which is not a greenhouse gas ?
(A) Methane (B) Carbon dioxide
(C) Chlorofluorocarbon (D) Nitrogen
कौन सी हरितघर गैस नहीं है ?
(A) मैथेन (B) कार्बन डाइऑक्साइड
(C) क्लोरोफ्लूरोकार्बन (D) नाइट्रोजन

133. Which of the following is structurally the most stable region ?
(A) The Indo Gangetic Plain (B) The Deccan Plateau
(C) The Himalaya (D) The Punjab Plain
निम्न में से कौन सा संरचनात्मक तौर पर सबसे स्थायी क्षेत्र है ?
(A) सिंधु-गंगा मैदान (B) दक्षिणी पठार (C) हिमालय (D) पंजाब के मैदान

134. On which river are the Marble Falls located ?

(A) Mahanadi (B) Godavari (C) Narmada (D) Tapti

किस नदी पर संगमरमर प्रपात अवस्थित है ?

(A) महानदी (B) गोदावरी (C) नर्मदा (D) ताप्ती

135. A body falling freely under the action of gravity has

(A) No weight
(B) Minimum weight
(C) Maximum weight
(D) No effect on its weight

गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के भीतर मुक्त पतन पींड होता है :

(A) बिना भार का
(B) न्यूनतम भार का
(C) अधिकतम भार का
(D) उसके भार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता

136. The friction in a flowing fluid is called

(A) Density
(B) Surface tension
(C) Viscosity
(D) None of these

प्रवाहित तरल में घर्षण कहलाता है :

(A) घनत्व (B) पृष्ठ तनाव (C) श्यानता (D) इनमें से कोई नहीं

137. Water is a

(A) Linear compound
(B) Polar compound
(C) Non-polar compound
(D) Electrovalent compound

जल है एक

(A) रेखीय यौगिक
(B) ध्रुवीय यौगिक
(C) अध्रुवीय यौगिक
(D) विद्युत-संयोजी यौगिक

138. 95% ethanol is called

(A) Rectified spirit
(B) Absolute alcohol
(C) Methylated spirit
(D) Power alcohol

95% एथेनोल को कहा जाता है :

(A) संशोधित स्पीरिट
(B) निरपेक्ष एल्कोहल
(C) मिथाइल युक्त स्पीरिट
(D) शक्ति एल्कोहल

139. From where we borrowed the parliamentary form of government ?
(A) Russia (B) Ireland (C) Britain (D) America
हमने सरकार का संसदीय स्वरूप कहाँ से ग्रहण किया है ?
(A) रूस (B) आयरलैंड (C) ब्रिटेन (D) अमरिका

140. What type of writ is not issued under Indian Constitution ?
(A) Injunction (B) Mandamus (C) Prohibition (D) Certiorari
भारतीय संविधान के तहत कौन सी याचिका जारी नहीं की जा सकती ?
(A) व्यादेश (B) परमादेश (C) प्रतिषेध (D) उत्प्रेषण

141. Who administers the Oath of office to the President ?
(A) Chief Justice of India (B) Speaker of Lok Sabha
(C) Vice President (D) Prime Minister
राष्ट्रपति को पद की शपथ कौन दिलवाता है ?
(A) भारत के मुख्य न्यायाधीश (B) लोक सभा अध्यक्ष
(C) उप-राष्ट्रपति (D) प्रधान मंत्री

142. What is the retirement age of the judge of Supreme Court ?
(A) 60 years (B) 62 years (C) 65 years (D) 68 years
सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निवृत्ति आयु कितनी होती है ?
(A) 60 वर्ष (B) 62 वर्ष (C) 65 वर्ष (D) 68 वर्ष

143. The purpose of devaluation is to
(A) Encourage export (B) Discourage export
(C) Encourage import (D) None of these
अवमूल्यन का हेतु है :
(A) निर्यात को बढ़ावा देना । (B) निर्यात को हतोत्साहित करना ।
(C) आयात को बढ़ावा देना । (D) इनमें से कोई नहीं

144. Capital market regulator is
(A) RBI (B) IRDA (C) SEBI (D) None of these
पूँजी बाज़ार का नियमन करता है :
(A) RBI (B) IRDA (C) SEBI (D) इनमें से कोई नहीं

**145.** D is B's father. B is C's sister-in-law and A's daughter. How is A related to D ?

(A) Wife (B) Mother (C) Father (D) Husband

D, B का पिता है । B, C की भाभी/ननंद तथा A की पुत्री है । A, D से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) पत्नी (B) माता (C) पिता (D) पति

**146.** If the $5^{th}$ day of a month is Tuesday, What date will be 3 days after the $3^{rd}$ Friday in the month ?

यदि किसी महीने का पाँचवाँ दिन मंगलवार है, तो उसी माह तीसरे शुक्रवार के तीन दिन के पश्चात् कौन सी तारीख होगी ?

(A) 17 (B) 18 (C) 19 (D) 22

**147.** Which is the largest district (areawise) of Himachal Pradesh ?

(A) Kangra (B) Kinnaur (C) Lahual & Spiti (D) Chamba

हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा जिला (क्षेत्र अनुसार) कौन सा है ?

(A) काँगड़ा (B) किन्नौर (C) लाहौल-स्पिती (D) चंबा

**148.** Which district of Himachal Pradesh has lowest Scheduled Tribes population ?

(A) Una (B) Kullu (C) Sirmour (D) Solan

हिमाचल प्रदेश के कौन से, जिले में अनुसूचित जनजाती की जनसंख्या सबसे निम्न है ?

(A) ऊना (B) कुल्लू (C) सिरमौर (D) सोलन

**149.** Indrahar pass connects Kangra with

(A) Pathankot (B) Dalhousie (C) Bharmour (D) Mandi

इन्द्राहर दर्रा काँगड़ा को ________ से जोड़ता है ।

(A) पठानकोट (B) डलहौजी (C) भरमौर (D) मण्डी

**150.** Hanuman Tibba in Himachal Pradesh is a

(A) temple (B) glacier

(C) water sports centre (D) Mountain peak

हिमाचल प्रदेश में हनुमान टिब्बा है एक :

(A) मंदिर (B) हिमनद

(C) जल खेलकूद केन्द्र (D) पर्वत शिखर

151. Pin Valley National Park is located in which district of Himachal Pradesh ?

(A) Shimla (B) Kullu (C) Mandi (D) None of these

हिमाचल प्रदेश के किस जिले में पिन घाटी राष्ट्रीय उद्यान अवस्थित है ?

(A) शिमला (B) कुल्लू (C) मण्डी (D) इनमें से कोई नहीं

152. Zaskar mountain range separates Himachal Pradesh from

(A) Tibet (B) Nepal (C) Bhutan (D) None of these

जास्कर पर्वतमाला हिमाचल प्रदेश को पृथक करती है

(A) तिब्बत से (B) नेपाल से (C) भूटान से (D) इनमें से कोई नहीं

153. Who was the first chairman of Himachal Pradesh Public Service Commission ?

(A) Lt. Gen. K.S. Katoch (B) Maj. Gen. I.C. Katoch

(C) J.C. Malhotra (D) K.C. Malhotra

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के प्रथम सभापति कौन थे ?

(A) लेफ्टिनेंट जनरल के.एस. कटोच (B) मेजर जनरल आई.सी. कटोच

(C) जे.सी. मल्होत्रा (D) के.सी. मल्होत्रा

154. In which year was the 'Big Landed Estates and Land Reforms Act' passed in Himachal Pradesh ?

हिमाचल प्रदेश में किस वर्ष 'बड़ी भूमि संपत्तियाँ तथा भूमि सुधार अधिनियम' पारित हुआ ?

(A) 1951 (B) 1952 (C) 1954 (D) 1956

155. Gaiety theatre was opened in Shimla by the British in

ब्रिटिश द्वारा शिमला में गेईटी थियेटर कब खोला गया ?

(A) 1885 (B) 1887 (C) 1891 (D) 1895

156. Which ruler of Bilaspur was forced by people to leave the state because of his tyrannical rule ?

(A) Samundragupta (B) Anand Chand

(C) Ghamand Chand (D) None of these

बिलासपुर के कौन से शासक को अपने अत्याचारी शासन के कारण लोगों ने राज्य छोड़ने पर मजबूर किया था ?

(A) समुद्रगुप्त (B) आनंदचंद (C) घमंडचंद (D) इनमें से कोई नहीं

157. Which ruler of Chamba was first to adopt the title of 'Varman' ?
(A) Sahil Varman (B) Lakshman Varman
(C) Aditya Varman (D) None of these
चंबा का वह पहला शासक कौन था जिसने 'वर्मन' का खिताब हासिल किया ?
(A) साहिल वर्मन (B) लक्ष्मण वर्मन (C) आदित्य वर्मन (D) इनमें से कोई नहीं

158. Himachal Pradesh Technical University is located at which place in Himachal Pradesh ?
(A) Hamirpur (B) Dharamshala (C) Mandi (D) Solan
हिमाचल प्रदेश में किस जगह (स्थान) 'हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी' स्थित है :
(A) हमीरपुर (B) धर्मशाला (C) मण्डी (D) सोलन

159. Which major hydel project in Himachal Pradesh is being run in collaboration with Russia ?
(A) Nathpa Jhakri (B) Parvati
(C) Karchcham Wangtoo (D) Kol Dam
हिमाचल प्रदेश में रूस के सहयोग के साथ कौन सी महत्त्वपूर्ण पनविद्युत परियोजना अस्तित्व में आ रही है ?
(A) नाथ्पा झाकरी (B) पार्वती (C) कड़छम वांगटू (D) कोल बाँध

160. The book 'Himachal Pradesh : Its Shape and State' is written by
(A) Shanta Kumar (B) Dr. Y.S. Parmar
(C) J.C. Frank (D) O.C. Handa
'हिमाचल प्रदेश : ईट्स शेप एण्ड स्टेट' किसके द्वारा लिखी गई थी ?
(A) शांता कुमार (B) डॉ. वाय.एस. परमार
(C) जे.सी. फ्रांक (D) ओ.सी. हांडा

161. Suhi fair is celebrated at which place in Himachal Pradesh ?
(A) Pragpur (B) Palampur (C) Chamba (D) Jhukhala
सुही मेला हिमाचल प्रदेश के किस स्थान पर मनाया जाता है ?
(A) प्रागपुर (B) पालमपुर (C) चंबा (D) झुखाला

162. When is the 'World Braille Day' celebrated every year ?
(A) January 4 (B) January 22 (C) February 4 (D) February 22
प्रत्येक वर्ष किस दिन 'विश्व ब्रेईली दिवस' मनाया जाता है ?
(A) 4 जनवरी (B) 22 जनवरी (C) 4 फरवरी (D) 22 फरवरी

163. Which state has recently launched a helpline for women called 'Damini' ?
(A) Uttar Pradesh (B) Uttarakhand (C) Maharashtra (D) Rajasthan
किस राज्य ने हाल ही में स्त्रियों के लिए एक हेल्पलाइन 'दामिनी' शुरू की ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) उत्तराखण्ड (C) महाराष्ट्र (D) राजस्थान

164. Sunita Lakra, who announced her retirement recently, is a famous Indian player of which sports ?
(A) Tennis (B) Badminton (C) Hockey (D) Cricket
सुनिता लाकरा, जिसने हाल ही में अपनी निवृत्ति घोषित की, एक प्रसिद्ध भारतीय खिलाड़ी है :
(A) टेनिस की (B) बैडमिण्टन की (C) हॉकी की (D) क्रिकेट की

165. Meaning of the idiom 'To beat the air' is
(A) To make frantic efforts
(B) To act foolishly
(C) To make efforts that are useless or vain
(D) To make every possible effort

166. Antonym of the word 'Magnanimous' is
(A) Selfish (B) Naive (C) Generous (D) Small

167. You must _______ your career with all seriousness.
(A) direct (B) complete (C) follow (D) pursue

168. 'चरित्र' का विशेषण है
(A) चरितार्थ (B) चरित्रता (C) चारित्रिक (D) इनमें से कोई नहीं

169. 'उपवन' का पर्यायवाची है
(A) वाटिका (B) आरोहण (C) निर्जन (D) मृदु

170. 'जूते चाटना' मुहावरे का अर्थ है
(A) अपमानजनक बात कहना (B) व्यर्थ घूमना
(C) चापलूसी करना (D) अधिक घमंड करना